AMAR UJALA MY CITY PAGE 6

# शिक्षकों को पीएचडी इंक्रीमेंट और चिकित्सा लाभ भी जल्द

माई सिटी रिपोर्टर

## उपमुख्यमंत्री बोले, कॉलेजों के शिक्षकों के पीएचडी करने और कराने का रास्ता साफ

- लविवि के सेवानिवृत्त शिक्षकों व जिले के 75 शिक्षकों का सम्मान
- लूटा महामंत्री डॉ. राजेंद्र वर्मा की किताब का विमोचन भी हुआ

लखनऊ। शिक्षक दिवस पर रविवार को उपमुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने शिक्षकों के लिए कई घोषणाएं कीं। लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) व उच्च शिक्षा विभाग की ओर से लविवि में आयोजित जिले के शिक्षकों के सम्मान समारोह में उन्होंने घोषणा की कि शिक्षकों को पांच पीएचडी इंक्रीमेंट की संस्तुति जल्द की जाएगी। इतना ही नहीं राजकीय व शासकीय महाविद्यालय के पीएचडी न कर पाने वाले नियमित शिक्षकों के पीएचडी करने का रास्ता साफ हो गया है। यूजी-पीजी में पढ़ाने वाले महाविद्यालयों के वे शिक्षक जिनके पांच रेफरीड जर्नल प्रकाशित हुए हों, उन्हें पीएचडी कराने की भी संस्तुति कर दी गई है। डॉ. शर्मा ने कहा कि लविवि को सर्वाधिक शोध प्रोजेक्ट मिले हैं। शिक्षकों की चिकित्सा सुविधा का प्रस्ताव भी वित्त विभाग को भेज दिया गया है। विवि को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए ही चार जिलों के कॉलेज यहां संबद्ध किए गए हैं। अब गुणवत्ता बनाए रखना व साख बचाना विश्वविद्यालय का काम है। इसके अलावा भी जो मांग होगी वह पूरी की जाएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में उप मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को किया सम्मानित। -संवाद

### इनका हुआ सम्मान

प्रो. यूएन द्विवेदी, प्रो. पीसी मिश्रा, प्रो. जेके शर्मा, प्रो. सेशु लवानिया, प्रो. कालीचरण सनेही, प्रो. एनके खरे, प्रो. पल्लवी भटनागर, प्रो. पद्मकांत, प्रो. डीएनएस यादव, प्रो. मोहम्मद आरिफ अयूबी, प्रो. गीता अस्थाना, प्रो. राम सुमेर यादव, डॉ. नीरज जैन, प्रो. आरएन यादव, प्रो. डीपी तिवारी, प्रो. प्रेम शंकर तिवारी, प्रो. केके अग्रवाल, प्रो. अरुण शुक्ला, प्रो. एके जायसवाल, डॉ. टीपी राही (सभी सेवानिवृत्त) व वर्तमान शिक्षक प्रो. एसपी त्रिवेदी, प्रो. पूनम टंडन, प्रो. अनिल मिश्रा, प्रो. एएम सक्सेना, प्रो. राम मिलन, डॉ. संजय मेधावी, डॉ. अंबरीष शिया पीजी कॉलेज, डॉ. नीरज शुक्ला ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि, लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय व महामंत्री डॉ. अंशू केडिया।

### पूर्व शिक्षकों का विवरण भी वेबसाइट पर हो अपलोड

डॉ. शर्मा ने कहा कि कोई भी शिक्षक सेवानिवृत्त नहीं होता। वह सेवाव्रत होता है। विवि को अपने पूर्व शिक्षकों का विवरण अपनी वेबसाइट पर अपलोड करना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर इसे देखा जा सके। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि हमारी पहचान शिक्षकों से ही है। स्वागत करते हुए लूटा अध्यक्ष डॉ. विनीत वर्मा ने विवि को केंद्रीय दर्जा देने व अन्य मांगों की तरफ ध्यान आकृष्ट किया। लूटा महामंत्री डॉ. विनीत वर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. एनके पांडेय ने किया। कार्यक्रम में डॉ. दिनेश शर्मा ने लूटा महामंत्री डॉ. राजेंद्र वर्मा की किताब 'दलित चेतना और मानववादः एक दार्शनिक मूल्यांकन' का विमोचन भी किया।

NBT PAGE 4

# अब महाविद्यालय के शिक्षक भी करवा सकेंगे शोध

डिप्टी सीएम ने की घोषणा: जिन शिक्षकों की पीएचडी नहीं है, उनके लिए भी बनेगी व्यवस्था

एलयू के 28 सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

■ एनबीटी, लखनऊः राजकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के पीएचडी धारक और पूर्णकालिक शिक्षक जिनके पांच शोध पत्र रेफर्ड जनरल में प्रकाशित होंगे, वे शोध करवा सकेंगे। यूजीसी के निर्धारित मानकों के आधार पर परास्नातक के साथ स्नातक विभागों के शिक्षकों को भी इसकी इजाजत रहेगी। यह ऐलान उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने रविवार को लखनऊ यूनिवर्सिटी के मालवीय सभागार में हुए शिक्षक दिवस समारोह में किया। डीप्टी सीएम ने उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले के उच्च शिक्षा विभाग के 75 शिक्षकों को सम्मानित भी किया। एलयू शिक्षक संघ (लूटा) के इस कार्यक्रम में एलयू के सेवानिवृत्त 28 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

उप मुख्यमंत्री ने दूसरी घोषणा करते हुए कहा कि राज्य विश्वविद्यालयों, अनुदानित महाविद्यालयों और राजकीय महाविद्यालयों के सहायक शिक्षक जिनकी पीएचडी नहीं है, उनकी पीएचडी उपाधि के लिए यूजीसी रेगुलेशन के तहत व्यवस्था बनाई जाएगी। एलयू शिक्षक संघ के अन्य मांगों पर भरोसा दिलाया कि उन पर भी जल्द ही फैसला लिया जाएगा।

### प्रो. पूनम टंडन को सरस्वती पुरस्कार

डॉ. दिनेश शर्मा ने सरस्वती पुरस्कार 2020 के लिए एलयू की प्रो. पूनम टंडन, राजकीय महाविद्यालय ढिढुई पट्टी प्रतापगढ़ के डॉ. सिकंदर लाल और प्रयागराज और कुलभास्कर आश्रम महाविद्यालय की डॉ. शीतला प्रसाद के नामों की घोषणा की।

### इन्हें मिला शिक्षक श्री पुरस्कार

'शिक्षक श्री' पुरस्कार के लिए चयनित नौ शिक्षकों में एलयू के डॉ. राजेश कुमार शुक्ला, चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ के डॉ. राकेश गुप्ता, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर की प्रो. वंदना राय, हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज के डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय, फिरोज गांधी पीजी कॉलेज रायबरेली की डॉ. शीला श्रीवास्तव और एसबीडी कॉलेज धामपुर बिजनौर की डॉ. रेनू चौहान शामिल हैं।

### लूटा महामंत्री की किताब का विमोचन

समारोह में दर्शनशास्त्र के शिक्षक और लूटा महामंत्री डॉ.राजेन्द्र कुमार वर्मा की लिखी किताब दलित चेतना और मानववाद- एक दार्शनिक मूल्यांकन का विमोचन भी किया गया। इस दौरान एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, लूटा अध्यक्ष विनीत कुमार वर्मा के अलावा अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

### 'कला के बढ़ने से समाज बढ़ेगा'

कला के बढ़ने से समाज आगे बढ़ेगा और समाज के बढ़ने से देश बढ़ेगा। यह बात बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विवि में जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. गोविंद पांडे ने कही। वह रविवार को लखनऊ यूनिवर्सिटी के जेके हॉल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कला मंच की ओर से मनाए गए गुरु उत्सव में बोल रहे थे। इस दौरान शिक्षक सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

i-NEXT PAGE 4

# मालवीय सभागार में सम्मानित किए गए शिक्षक

LUCKNOW(5 Sept):लखनऊ विश्वविद्यालय : प्रो. ध्रुवसेन सिंह, प्रो.पूनम टंडन, प्रो. अनिल मिश्रा, प्रो. अलका पांडेय, प्रो. राम मिलन, डा. सतीश चंद्रा, डा. राजेश कुमार शुक्ला, पुनीत कुमार, रितु नारंग, नरेंद्र कुमार पांडेय, संजय मेधावी, डा. रवींद्र प्रताप सिंह, डा. अनुपम कुमार त्रिपाठी, डा. जितेंद्र पाल सिंह, प्रो. एएम सक्सेना, सुनील प्रकाश त्रिवेदी, प्रो. नित्या श्रीवास्तव, डा. मधू गुप्ता, मोनिसा बनर्जी, डा. अलका मिश्रा, डा. अमरजीत यादव, प्रो. मधुरिमा प्रधान, डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव, डा. अजय प्रकाश, प्रो. अमरितेष चंद्र शुक्ला, डा. रणविजय प्रताप सिंह, डा. ईशा सिंह.

शेष लिस्ट आईनेक्स्ट लाइव पर देखें

JAGRAN CITY PAGE I

लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षकों के साथ उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व अन्य ● जागरण

# लवि के दो शिक्षकों को मिलेगा अवार्ड

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के दो शिक्षकों का चयन वर्ष 2020 के सरस्वती सम्मान और शिक्षक श्री सम्मान के लिए हुआ है। इनमें भौतिक विज्ञान विभाग की हेड प्रो. पूनम टंडन को सरस्वती सम्मान और प्रो. राजेश कुमार शुक्ला को शिक्षक श्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

प्रो. डा. राजेश कुमार शुक्ला ● सौ. स्वयं

प्रो. पूनम टंडन ● सौ. स्वयं

HINDUSTAN PAGE 6

शिक्षक दिवस के मौके पर गुरुओं के सम्मान में शहर भर में आयोजन हुए। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कई घोषणाएं कीं वहीं एलयू में सेवानिवृत्त हो चुके 20 शिक्षकों समेत कुल 28 को सम्मानित किया गया। इसी कार्यक्रम में पिछले वर्ष के रुके हुए राज्य शिक्षक पुरस्कारों की घोषणा भी की गई। शहर के स्कूल-कॉलेजों में भी बच्चों ने अपने गुरुओं का अभिनंदन किया।

सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान शिक्षक दिवस के अवसर पर रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने सम्मानित किया।

# एलयूः नौ शिक्षकों को राज्य पुरस्कार की घोषणा

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। लखनऊ यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (लूटा) द्वारा विवि के मालवीय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम व उच्चशिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा थे। उन्होंने यहां लखनऊ विवि के सेवानिवृत्त हो चुके 20 शिक्षकों समेत कुल 28 को सम्मानित किया। इसी कार्यक्रम में उन्होंने पिछले वर्ष के रुके हुए राज्य शिक्षक पुरस्कारों की घोषणा भी की। इनमें तीन शिक्षकों को 'सरस्वती सम्मान' और छह हो 'शिक्षकश्री सम्मान' देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की और अतिथियों का स्वागत लूटा अध्यक्ष डॉ. विनीत वर्मा ने किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ. दिनेश शर्मा ने सबसे पहले राज्य पुरस्कारों की ही घोषणा की। हालांकि उन्होंने यहां यह भी कहा कि अब दो शिक्षक पुरस्कारों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतराल जरूरी होगा। इसके बाद उन्होंने लूटा द्वारा रखी गई कई मांगों पर बात करते हुए कहा कि प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों, राजकीय, शासकीय, सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में जो पूर्णकालिक शिक्षक हैं, अगर उनके पांच शोधपत्र किसी रिफर्ड जरनल में प्रकाशित हो चुके हैं तो वे शोध करा सकेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि में जो नेट व जेआरएफ कर चुके शिक्षक नियुक्त हुए हैं लेकिन किसी कारणवश पीएचडी नहीं कर पाए हैं, उन्हें शोध करने में क्या सहायता दी जा सकती है, यह तय करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा।पीएचडी के पांच इंक्रीमेंट की बात भी कही।कार्यक्रम में लूटा महामंत्री डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा की पुस्तक 'दलित चेतना और मानववादः एक दार्शनिक मूल्यांकन' का विमोचन हुआ।

## लखनऊ के इन शिक्षकों को राज्य पुरस्कार

### सरस्वती सम्मानः श्रेय मेरे विद्यार्थियों कोः प्रो. पूनम टंडन

एलयू में भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम टंडन कहती हैं कि उन्हें मिले सरस्वती सम्मान का जितना श्रेय उनके माता-पिता, पति के सहयोग को है, उससे कहीं ज्यादा उनके शोध विद्यार्थियों की मेहनत को है। क्योंकि शोध का भार उन्हीं के कंधों पर रहता है। वह कहती हैं कि एक शिक्षक के रूप में उनकी यही कोशिश है कि नए क्षेत्रों में और अच्छे शोध होते रहें और एलयू अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षिक पटल पर और बेहतर स्थिति में पहुंचे। प्रो. पूनम टंडन के अब तक लगभग 240 शोधपत्र विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय जरनल में प्रकाशित हो चुके हैं। उनके निर्देशन 40 पीएचडी अब तक पूरी हो चुकी हैं।

### शिक्षकश्री सम्मानः नए क्षेत्रों में शोध होते रहने चाहिएः प्रो. राजेश शुक्ला

विभिन्न जरनल में 150 से ज्यादा शोधपत्र प्रकाशित, 12 किताबें प्रकाशित, सात रिसर्च प्रोजेक्ट पूरे, 10 शोध निर्देशन...ये सारी उपलब्धियां अपने नाम कर चुके भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. राजेश कुमार शुक्ला कहते हैं कि उनके शोध निर्देशक व गुरु प्रो. टीपी पांड्या ने शुरू से ही बहुत मेहनत करना सिखाया। यह पुरस्कार व सारी उपलब्धियां उसी का प्रतिफल हैं। प्रो. शुक्ला अब भी रिसर्च के कामों में लगे रहते हैं। मटीरियल साइंस में नैनोटेक्नोलॉजी पर उनका विशेष काम है। उनका मानना है कि नए क्षेत्रों में निरंतर शोध होते रहने चाहिए।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

प्रो. यूएन द्विवेदी, बायोकेमिस्ट्री
प्रो. पीसी मिश्रा, साइकोलॉजी
प्रो. जेके शर्मा, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
प्रो. प्रो. शेशू लवानिया, बॉटनी
प्रो. कालीचरण स्नेही, हिन्दी
प्रो. एनके खरे, केमिस्ट्री
प्रो. पल्लवी भटनागर, साइकोलॉजी
प्रो. पद्मकांत, केमिस्ट्री
प्रो. डीएनएस यादव, लॉ, प्रो. मोहम्मद आरिफ अयूबी, पर्शियन, प्रो. गीता अस्थाना, बॉटनी, प्रो. रामसुमेर यादव, संस्कृत, प्रो. नीरज जैन, फिजिकल एजुकेशन, प्रो. आरएम नायर, केमिस्ट्री, प्रो. डीपी तिवारी, प्राचीन इतिहास, प्रो. प्रेमशंकर तिवारी, हिन्दी, प्रो. केके अग्रवाल, जियोलॉजी, प्रो. अरुणा शुक्ला संस्कृत, प्रो. एसके जायसवाल प्राचीन इतिहास, प्रो. टीपी राही हिन्दी

# एलयू में पीजी प्रवेश परीक्षाएं आज से शुरू होंगी

मिशन एडमिशन

लखनऊ। वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों की लगभग 4 हजार सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। प्रवेश परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। पहली पाली सुबह 11 से 12:30 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 3 से शाम 4:30 बजे तक परीक्षाएं होंगी।

पहले दिन होने वाली एलएलएम, लोकप्रशासन, एमए साइकोलॉजी, एमए/एमएससी योगा, एमवीए और एमएफए की परीक्षाओं में लगभग पांच हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। ये सभी परीक्षाएं लविवि ओल्ड कैम्पस में होंगी। प्रवेश समन्वयक डॉ. पंकज माथुर ने बताया कि पहली पाली में होने वाली एलएलएम व लोक प्रशासन की प्रवेश परीक्षा में लगभग 3000 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं दूसरी पाली में एमए साइकोलॉजी, एमए/एमएससी योगा, एमवीए और एमएफए की परीक्षा में 2000 अभ्यर्थी आएंगे। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। अभ्यर्थी को 100 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर 90 मिनट में देने होंगे। परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था कोविड 19 प्रोटोकॉल के तहत किया गया है। परिसर में प्रवेश गेट नं. 2 और 4 से होगा। परीक्षार्थियों को अपने साथ एडमिट कार्ड, दो काले व नीले बॉलप्वाइंट पेन, एक पहचान पत्र लाना होगा। मास्क के बिना किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## बीफार्मा समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा आज

लखनऊ। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा रविवार को यूपीसीईटी-2021 परीक्षा (ऑनलाइन) का आयोजन देशभर में किया गया। प्रदेश के विभिन्न शहरों में बनाए गए 187 केन्द्रों पर परीक्षा देने के लिए 50 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी पंजीकृत थे। लखनऊ में 28 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। रविवार को एमबीए, बैचलर ऑफ डिजाइन, एमएससी, एमसीए व एमटेक की परीक्षा हुई।

वहीं सोमवार को पहली पाली में सुबह 8 से 10 बजे तक बीटेक व बीफार्मा द्वितीय वर्ष (डिप्लोमाधारकों के लिए), एमसीए इंटीग्रेटेड, दूसरी पाली में दोपहर 12 से 2 बजे तक बीएचएमसीटी, बीएफए, बीएफएडी, बीवोक, एमबीए इंटीग्रेटेड, बीबीए और तीसरी पाली में शाम 4 से 6 बजे तक बीफार्मा, बीटेक (बीटी), बीटेक (एजी), बीटेक द्वितीय वर्ष (बीएससी स्नातकों के लिए) की परीक्षा होगी।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

# अब दो शिक्षक पुरस्कारों के बीच होगा तीन वर्ष का अंतराल : डा. दिनेश शर्मा

लखनऊ (एसएनबी)। शिक्षक दिवस के अवसर पर लखनऊ यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (लूटा) द्वारा विवि के मालवीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व उच्चशिक्षा मंत्री डा. दिनेश शर्मा उपस्थित थे। उन्होंने यहां लखनऊ विवि के सेवानिवृत्त हो चुके 20 शिक्षकों समेत कुल 28 शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन्होंने पिछले वर्ष के रुके राज्य शिक्षक पुरस्कारों की घोषणा भी की। इनमें तीन शिक्षकों को 'सरस्वती सम्मान' और छह हो 'शिक्षकश्री सम्मान' देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की तथा अतिथियों का स्वागत लूटा के अध्यक्ष विनीत वर्मा ने किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए डा. दिनेश शर्मा ने सबसे पहले राज्य पुरस्कारों की ही घोषणा की। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अब दो शिक्षक पुरस्कारों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतराल जरूरी होगा अर्थात जिन्हें इस बार शिक्षकश्री मिल चुका है, वे अब तीन साल बाद ही सरस्वती सम्मान के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद उन्होंने लूटा द्वारा रखी गई कई मांगों पर बात करते हुए कहा कि प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों, राजकीय, शासकीय तथा सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में जो पूर्णकालिक शिक्षक हैं, अगर उनके पांच शोधपत्र किसी रिफर्ड जरनल में प्रकाशित हो चुके हैं तो वे शोध करा सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि विश्वविद्यालया या महाविद्यालयों में जो नेट व जेआरएफ कर चुके शिक्षक नियुक्त हुए हैं लेकिन किसी कारणवश पीएचडी नहीं कर पाए हैं, उन्हें शोध करने में क्या सहायता दी जा सकती है, यह तय करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा। उन्होंने पीएचडी केपांच इंक्रीमेंट की बात भी कही। पहले प्रस्ताव वित्त विभाग जाएगा और वहां संस्तुति मिलने के बाद कैबिनेट में रखा जाएगा।

लविवि में सम्मानित हुए शिक्षक, लविवि के दो समेत नौ शिक्षकों को राज्य पुरस्कार

डिप्टी सीएम डा. दिनेश शर्मा ने विवि के शिक्षक सम्मान समारोह में की घोषणा

राज्य पुरस्कारों के तहत 'सरस्वती पुरस्कार' के लिए लविवि मौतिक विज्ञान की प्रो. पूनम टंडन, राजकीय महाविद्यालय, ढिढुई पट्टी प्रतापगढ़ के एसोसिएट प्रो. (संस्कृत) डा. सिकन्दर लाल तथा कुलभास्कर आश्रम महाविद्यालय प्रयागराज के एसोसिएट प्रो.डा. शीतला प्रसाद की घोषणा की गयी। इसी प्रकार शिक्षकश्री पुरस्कार के लिए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के डा. राकेश गुप्ता, लविवि के डा. राकेश कुमार शुक्ला, डा. राजेश कुमार शुक्ला, वीर वहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की प्रो. वंदना राय, हेमवती नन्दन वहुगुणा राजकीय पीजी कॉलेज नैनी, प्रयागराज के डा. राजेश कुमार पांडेय, फिरोज गांधी पीजी कॉलेज रायबरेली की डा. शीला श्रीवास्तव तथा एसवीडी कॉलेज धामपुर विजनौर की डा. रेनू चौहान के नामों की घोषणा की गयी।

इसके अतिरिक्त लविवि के सेवानिवृत्त हुए प्रो. यू.एन. द्विवेदी, प्रो. पी.सी. मिश्रा, प्रो. जे.के. शर्मा, प्रो. शेशु लवानिया, प्रो. कालीचरण स्नेही, प्रो. एन.के. खरे, प्रो. पल्लवी भटनागर, प्रो. पद्मकांत, प्रो. डी.एन.एस. यादव, प्रो. मो. आरिफ अयूबी, प्रो. गीता अस्थाना (वॉटनी), प्रो. रामसुमेर यादव (संस्कृत), प्रो. नीरज जैन, प्रो. आर.एम. नायर (केमिस्ट्री), प्रो. डी.पी. तिवारी (प्राचीन इतिहास), प्रो. प्रेमशंकर तिवारी (हिन्दी), प्रो. के.के. अग्रवाल, प्रो. अरुणा शुक्ला (संस्कृत), प्रो. एस.के. जायसवाल (प्राचीन इतिहास) तथा प्रो. टी.पी. राही (हिन्दी) को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त ई-कंटेंट के लिए एस.पी. त्रिवेदी, पूनम टंडन, अनिल मिश्रा, ए.एम. सक्सेना, राममिलन, संजय मेधावी, अम्बरीश मिश्रा (शिया पीजी कॉलेज), नीरज शुक्ला (भाषा विवि) समेत विभिन्न कॉलेजों के 75 शिक्षकों का सम्मिलित शिक्षक सम्मान लुआक्टा के अध्यक्ष डा. मनोज पांडेय और महामंत्री डा. अंशु केडिया को दिया गया।

TOI PAGE 3

# 9 selected for Saraswati, Shikshak Shree awards

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Two teachers from Lucknow figure on the list of nine teachers selected for Saraswati Puraskar and Shikshak Shree awards for 2020. The names of the awardees were announced on Sunday by deputy CM Dinesh Sharma during a teachers' felicitation programme organised by the Lucknow University Teachers' Association.

The names of the recipients of two awards could not be announced by the government last year due to the Covid-19 pandemic. Three teachers will be conferred Saraswati Samman while six will be awarded Shikshak Shree.

The Saraswati Puraskar awardees are Prof Poonam Tandon of Lucknow University's physics department, associate professor Sikander Lal (Sanskrit Rajkiya Mahavidyalaya, Prayagraj) and associate professor Sheetala Prasad Verma (animal husbandry and dairy department, Kulbhashkar Ashram PG College, Prayagraj).

Winners of Shikshak Shree awards are Prof Rakesh Gupta of statistics department at Chaudhary Charan Singh University, Meerut, Prof Rajesh Kumar Shukla of LU's physics department, Prof Vandana Rai of Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, associate professor Rajesh Kumar Pandey from commerce department of Hemwati Nandan Bahuguna Government PG College, Prayagraj, associate professor Sheela Srivastava of chemistry department at Feroze Gandhi PG College, Rae Bareli and assistant professor Renu Chauhan (social work) at SBD College Dhampur, Bijnor Sharma felicitated 28 LU teachers who retired this year on June 30 and 75 teachers of various higher education institutes across the state. Sharma also released a book titled 'Dalit Chetna aur Manavvaad, ek Darshnik Mulyankan' written by LUTA general secretary and a faculty of philosophy department, Rajendra Verma.

Deputy chief minister Dinesh Sharma felicitated 28 teachers of Lucknow University, who superannuated on June 20, on Sunday

## Fatehpur teacher honoured for his efforts during Covid-19 pandemic

Principal, Arjunpur Gadha Primary School in Fatehpur, Debvrat Tripathi was honoured on the occasion of Teachers' Day at district level. Tripathi was recognised for his efforts for continued learning during pandemic. He launched an awareness campaign and mobilised teachers to support migrant labourers who were coming back to their hometown. He is also known to enhance the enrolment in the school over years.

TOI PAGE 3

# LU entrance tests for 4k seats in PG courses begin today

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** The Lucknow University will hold entrance tests for admission to over 4,000 seats of postgraduate courses from Monday.

The entrance test will be held at LU (Old Campus) in two shifts – from 11am to 12.30pm and from 3pm to 4.30 pm. On the first day, around 5,000 candidates will appear for the entrance test for various courses.

"In the first shift, entrance examination for LLM and public administration will be held in which around 3,000 candidates are expected to appear. In the second shift, the entrance test for MA (psychology), MA/MSc (Yoga), Masters in Visual Arts (MVA) and Masters in Fine Arts (MFA) in which around 2,000 candidates are likely to appear," said admission coordinator Pankaj Mathur.

**On the first day, around 5,000 candidates will appear for the entrance test for various courses**

He said there would be no negative marking in the entrance test. A candidate will have to answer 100 objective-type questions in 90 minutes.

"Seating arrangement for the examination has been made in keeping with the Covid-19 protocol. All candidates will have to enter the campus from gate number 2 or 4. Those appearing for the examination should not forget to carry admit cards, two black and blue ballpoint pens, a valid identity proof, transparent water bottle (if required). Mask is mandatory for entry to the campus," he added.

AMRIT VICHAR PAGE 4

# लविवि में पीजी प्रवेश परीक्षाएं आज से होंगी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों की लगभग 4 हजार सीटों पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। प्रवेश परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। पहली पाली सुबह 11 से 12:30 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 3 से शाम 4:30 बजे तक परीक्षाएं होंगी।

पहले दिन होने वाली एलएलएम, लोकप्रशासन, एमए साइकोलॉजी, एमए/एमएससी योगा, एमवीए और एमएफए की परीक्षाओं में लगभग पांच हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। ये सभी परीक्षाएं लविवि ओल्ड कैम्पस में होंगी। प्रवेश समन्वयक डॉ. पंकज माथुर ने बताया कि पहली पाली में होने वाली एलएलएम व लोक प्रशासन की प्रवेश परीक्षा में लगभग 3000 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं दूसरी पाली में एमए साइकोलॉजी, एमए/एमएससी योगा, एमवीए और एमएफए की परीक्षा में 2000 अभ्यर्थी आएंगे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

# लखनऊ विश्वविद्यालय के नौ शिक्षकों को राज्य पुरस्कार

**लविवि भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम टंडन को मिला सरस्वती सम्मान**

**भौतिक विज्ञान के ही प्रो. राजेश कुमार शुक्ला को शिक्षकश्री सम्मान**

**डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा ने लखनऊ विवि के शिक्षक सम्मान समारोह में की घोषणा**

स्वतंत्रभारत संवाददाता, लखनऊ। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। लखनऊ यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (लूटा) द्वारा विवि के मालवीय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम व उच्चशिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा थे। उन्होंने यहां लखनऊ विवि के सेवानिवृत्त हो चुके 20 शिक्षकों समेत कुल 28 को सम्मानित किया। इसी कार्यक्रम में उन्होंने पिछले वर्ष के रुके हुए राज्य शिक्षक पुरस्कारों की घोषणा भी की। इनमें तीन शिक्षकों को सरस्वती सम्मान और छह हो शिक्षकश्री सम्मान देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की और अतिथियों का स्वागत लूटा अध्यक्ष डॉ. विनीत वर्मा ने किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ. दिनेश शर्मा ने सबसे पहले राज्य पुरस्कारों की ही घोषणा की। हालांकि उन्होंने यहां यह भी कहा कि अब दो शिक्षक पुरस्कारों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतराल जरूरी होगा।

मसलन जिन्हें इस बार शिक्षकश्री मिल चुका है, वे अब तीन साल बाद ही सरस्वती सम्मान के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद उन्होंने लूटा द्वारा रखी गई कई मांगों पर बात करते हुए कहा कि प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों, राजकीय, शासकीय, सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में जो पूर्णकालिक शिक्षक हैं, अगर उनके पांच शोधपत्र किसी रिफर्ड जरनल में प्रकाशित हो चुके हैं तो वे शोध करा सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि विश्वविद्यालया या महाविद्यालयों में जो नेट व जेआरएफ कर चुके शिक्षक नियुक्त हुए हैं लेकिन किसी कारणवश पीएचडी नहीं कर पाए हैं, उन्हें शोध करने में क्या सहायता दी जा सकती है, यह तय करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा। उन्होंने यहां पीएचडी के पांच इंक्रीमेंट की बात भी कही। हालांकि इसकी अभी केवल संस्तुति हुई है। पहले प्रस्ताव वित्त विभाग जाएगा और वहां संस्तुति मिलने के बाद कैबिनेट में रखा जाएगा। कार्यक्रम में लूटा महामंत्री डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा की पुस्तक दलित चेतना और मानववाद- एक दार्शनिक मूल्यांकन का विमोचन भी किया गया।

**राज्य पुरस्कारों के तहत इनके नामों की हुई घोषणा- सरस्वती पुरस्कार**

प्रो. पूनम टंडन, भौतिक विज्ञान लखनऊ विवि, डॉ. सिकन्दर लाल, एसोसिएट प्रोफेसर संस्कृत, राजकीय महाविद्यालय, ढिढुई पट्टी प्रतापगढ़, डॉ. शीतला प्रसाद, एसोसिएट प्रोफेसर पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान, कुलभास्कर आश्रम महाविद्यालय प्रयागराज।

**शिक्षकश्री पुरस्कार**

डॉ. राकेश गुप्ता, सांख्यिकी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, डॉ. राजेश कुमार शुक्ला, भौतिक विज्ञान, लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रो. वंदना राय, बायोटेक्नोलॉजी, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, डॉ. राजेश कुमार पांडेय, वाणिज्य, हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय पीजी कॉलेज नैनी, प्रयागराज, डॉ. शीला श्रीवास्तव, रसायन विज्ञान, फिरोज गांधी पीजी कॉलेज रायबरेली, डॉ. रेनू चौहान, समाजशास्त्र, एसबीडी कॉलेज धामपुर बिजनौर।

**लविवि के इन सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान-**

प्रो. यूएन द्विवेदी, बायोकेमिस्ट्री, प्रो. पीसी मिश्रा, साइकोलॉजी, प्रो. जेके शर्मा, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, प्रो. शेशू लवानिया, बॉटनी, प्रो. कालीचरण स्नेही, हिन्दी, प्रो. एनके खरे, केमिस्ट्री, प्रो. पल्लवी भटनागर, साइकोलॉजी, प्रो. पद्मकांत, केमिस्ट्री, प्रो. डीएनएस यादव, लॉ, प्रो. मोहम्मद आरिफ अयूबी, पर्शियन, प्रो. गीता अस्थाना, बॉटनी, प्रो. रामसुमेर यादव, संस्कृत, प्रो. नीरज जैन, फिजिकल एजुकेशन, प्रो. आरएम नायर, केमिस्ट्री, प्रो. डीपी तिवारी, प्राचीन इतिहास, प्रो. प्रेमशंकर तिवारी, हिन्दी, प्रो. केके अग्रवाल, जियोलॉजी,प्रो. अरुणा शुक्ला संस्कृत, प्रो. एसके जायसवाल प्राचीन इतिहास, प्रो. टीपी राही हिन्दी।

**ई-कंटेट के लिए दिया गया शिक्षक सम्मान**

प्रो. एसपी त्रिवेदी, प्रो. पूनम टंडन, प्रो. अनिल मिश्रा, प्रो. एएम सक्सेना, प्रो. राममिलन, डॉ. संजय मेधावी, डॉ. अम्बरीश मिश्रा (शिया पीजी कॉलेज), डॉ. नीरज शुक्ला (भाषा विवि) समेत विभिन्न कॉलेजों के 75 शिक्षक। सम्मिलित रूप से इनका सम्मान लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय और महामंत्री डॉ. अंशु केडिया को दिया गया।